Regarding acquisition of ancestral land of people for construction of roads in Dadra and Nagar Haveli-Laid

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर(दादरा और नागर हवेली) **:**मेरे संसदीय क्षेत्र दादरा-नगर-हवेली के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़को के निर्माण कार्य को बढ़ाने, उसके रखरखाव, मरम्मत, सड़को के विस्तारीकरण के लिए राज्य शासन द्वारा स्थानीय किसानों, मध्यमवर्गीय परिवारों की पुरखों की जमीनों को बिना किसी कारण के बिना कोई नोटिस दिए उनकी हक की पुरखों की जमीनों को लेकर सड़कों का कार्य किया जा रहा है, जो निंदनीय है । मेरा क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने से आदिवासी परिवारों का जीवन उनकी स्थानीय खेती पर निर्भर है । ऐसे में राज्य शासन द्वारा सड़कों के निर्माण कार्य के लिए उन परिवारों को बिना कोई सूचना-नोटिस दिए उनसे उनकी पुरखों की जमीनें छीनी जा रही हैं और सड़कों का काम किया जा रहा है । उनकी जमीनों का मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है, जिससे उन-परिवारों का काफी नुकसान हो रहा है । मैं सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगी कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की सड़को के निर्माण कार्य, विस्तारीकरण के लिए राज्य शासन द्वारा स्थानीय किसानों, मध्यमवर्गीय परिवारों की पुरखों की जमीनों को बिना उनके अनुमति के न लिया जाए और राज्य शासन द्वारा जो जमीनें ली गई हैं उसका मुआवजा उन परिवारों को तुरंत दिया जाए ।